**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri Mohan S. Delkar, sitting Member of the Lok Sabha; Shri Nand Kumar Singh Chauhan, sitting Member of the Lok Sabha; Shri Rajendra Kumar Sharma, Member of the Sixth and Tenth Lok Sabhas; Shri Sarat Kar, member of the Sixth Lok Sabha; Shri M.R. Kadambur Janarthanan, Member of the Eighth, Ninth, Tenth and Twelfth Lok Sabhas; Shri M. Deiveekan, Member of the Fourth and Fifth Lok Sabhas; Shri Mahavir Bhagora, Member of the Fourteenth Lok Sabha; Captain Satish Sharma, Member of the Tenth, Eleventh and Thirteenth Lok Sabhas and; Shri D. Pandian, Member of the Ninth and Tenth Lok Sabhas.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुःख के साथ हमारे दो साथियों श्री मोहन एस. देलकर और श्री नन्द कुमार सिंह चौहान तथा सात पूर्व साथियों, सर्वश्री राजेंद्र कुमार शर्मा, सरत कर, एम.आर. कादंबुर जनार्तनन, एम. दीवीकन, महावीर भगोरा, कैप्टन सतीश शर्मा और डी. पंडियन के निधन के संबंध में सभा को सूचित करना है ।

**श्री मोहन एस. देलकर** वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे । वह 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं, 13वीं तथा 14वीं लोक सभा के सदस्य थे । उन्होंने दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के दादरा और नागर हवेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री देलकर विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे । एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक नेता, श्री देलकर ने दादरा और नागर हवेली के निवासियों के उत्थान के लिए लगातार काम किया । श्री मोहन एस. देलकर का निधन 22 फरवरी, 2021 को मुंबई में 58 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री नंद कुमार सिंह चौहान** वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे । वे 11वीं, 12वीं, 13वीं, 14वीं और 16वीं लोक सभा के सदस्य रहे, जिन्होंने मध्य प्रदेश के खंडवा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । इससे पहले श्री चौहान 1985 से 1996 तक मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे । एक योग्य सांसद, श्री चौहान विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे । श्री नंद कुमार सिंह चौहान का निधन 68 वर्ष की आयु में 2 मार्च 2021 को गुरुग्राम में हुआ ।

**श्री राजेंद्र कुमार शर्मा** छठी एवं 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के रामपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । इससे पहले श्री शर्मा 1969 से 1974 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा की विभिन्न समितियों में सदस्य के रूप में कार्य किया । श्री राजेंद्र कुमार शर्मा का निधन 20 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 80 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री सरत कर** छठी लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने ओड़िशा के कटक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री सरत कर तीन कार्यकाल के लिए ओडिशा विधान सभा के सदस्य भी रहे और उन्हें ओड़िशा विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का गौरव प्राप्त हुआ । श्री सरत कर ने ओड़िशा सरकार में कई कार्यकाल के लिए मंत्री के रूप में भी कार्य किया । वे ओड़िशा विधान सभा की विभिन्न समितियों के सभापति भी रहे । श्री सरत कर का निधन 12 अक्टूबर, 2020 को ओड़िशा के भुवनेश्वर में 81 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री एम. आर. कादंबुर जनार्तनन** 8वीं, 9वीं, 10वीं और 12वीं लोकसभा के सदस्य थे, जिन्होंने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री जनार्तनन ने कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया ।

श्री जनार्तनन एक योग्य सांसद थे और विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य थे ।

श्री एम. आर. कादंबुर जनार्तनन का निधन 26 दिसम्बर, 2020 को तमिलनाडु के तूथुकुडी में 91 वर्ष की आयु में हुआ था ।

**श्री एम. दीवीकन** चौथी और पांचवीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री एम. दीवीकन का निधन 11 जनवरी, 2021 को 86 वर्ष की आयु में तमिलनाडु के चेन्नई में हुआ था ।

**श्री महावीर भगोरा** राजस्थान के तत्कालीन सालंबुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 14वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

इससे पहले श्री महावीर भगोरा 1993 से 1998 तक राजस्थान विधान सभा के सदस्य थे ।

श्री महावीर भगोरा का निधन 16 जनवरी, 2021 को 73 वर्ष की आयु में राजस्थान के उदयपुर में हुआ था ।

**कैप्टन सतीश शर्मा** ने 10वीं और 11वीं लोक सभा में उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का और 13वीं लोक सभा में उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

इससे पहले कैप्टन सतीश शर्मा तीन कार्यकाल तक राज्य सभा के सदस्य रहे ।

कैप्टन सतीश शर्मा ने 1993 से 1996 तक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में केन्द्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया ।

कैप्टन सतीश शर्मा का 73 साल की आयु में 17 फरवरी, 2021 को गोवा में निधन हो गया ।

**श्री डी. पंडियन** 9वीं और 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने तमिलनाडु के तत्कालीन मद्रास उत्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री डी. पंडियन का निधन 26 फरवरी, 2021 को चेन्नई में 88 वर्ष की आयु में हुआ था ।

हम अपने साथियों और पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर के लिए मौन रहेगी ।

**16.05 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*

**माननीय अध्यक्ष** : ऊं शांति । ऊं शांति । ऊं शांति: ।

***WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**

**(Starred Question Nos.181 to 200)**

**Unstarred Question Nos.2071 to 2300)**

**(Page No. 12-603)**

**माननीय अध्यक्ष** : सभा की कार्यवाही शाम 5 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

*The Lok Sabha then adjourned till Seventeen of the Clock.*

**17.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Seventeen of the Clock.*

(Hon. Speaker *in the Chair)*

…(व्यवधान)